ISSN.0973-9319

वार्षिक रिपोर्ट

2015-16

जवाहरलाल नेहरु उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र

(मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय)

जक्कूरु, बेंगलूरु 560 064, भारत, वेबसैट्: http://www.jncasr.ac.in

विषय-वस्तु

केंद्र

प्राक्कथन 1
प्रस्तावना 3
उद्देश्य 4
प्रगति.....5
अनुसंधान एवं अन्य कार्यकलापों की विशिष्टियाँ 7
कार्यकलाप चार्ट 16
संगठन चार्ट.....17

संगठन

प्रबंध परिषद 18
वित्त समिति 19
शैक्षिक सलाहकार समिति 20
संकाय 21
प्रशासन 21

एकक, केंद्र, संगणक प्रयोगशाला, ग्रंथालय एवं धर्मदाय अनुसंधान प्रोफेसर 23

शैक्षिक कार्यक्रम

शैक्षिक कार्यकलाप 81
चर्चा बैठकें 84
धर्मदाय व्याख्यान 84
चर्चागोष्ठियाँ/कार्यशालाएँ/सम्मेलन.....85
संगोष्ठियाँ.....87

अधिसदस्यता एवं विस्तरण कार्यकलाप

आगंतुक अधिसदस्यताएँ 92
ग्रीष्मकालीन अनुसंधान अधिसदस्यता कार्यक्रम 93
परियोजना अभिमुखी रासायनिक शिक्षा कार्यक्रम 94
परियोजना अभिमुखी जैविकीय शिक्षा कार्यक्रम 94
JNCASR-CICS अधिसदस्यता कार्यक्रम 94

बौद्धिक संपत्ति 96

अनुसंधान कार्यक्रम

अनुसंधान क्षेत्र 101
अनुसंधान सुविधाएँ 104
प्रायोजित/चल रही अनुसंधान परियोजनाएँ 105

प्रकाशन

एककों के अनुसंधान प्रकाशन 114
मानद संकाय/धर्मदाय प्रोफेसरों के अनुसंधान प्रकाशन 145

पुरस्कार/प्रतिष्ठाएँ 150

वित्तीय विवरण..... 157

केंद्र

प्राक्कथन

मुझे वर्ष 2015-16 की वार्षिक-रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता होती है जहाँ ज ने उ वै अ कें अग्रणी क्षेत्रों में उच्चतर अध्ययन एवं अनुसंधान के लिये देश भर की अग्रणी संस्थाओं में से एक संस्था के रूप में उभर रहा है। हाल ही में नेचर ग्रुप ऑफ़ पब्लिकेशन(प्रकृति प्रकाशन समूह) द्वारा भारतीय शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थाओं की कोटि(श्रेणी) करण पर प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार ज ने उ वै अ कें को सातवें स्थान पर दर्शाया गया है जो हमारे आविर्भाव का संकेत देता है।

केंद्र मान्यता प्राप्तेय विश्वविद्यालय होने के कारण से M.S.(अभि.) M.S. की समेकित Ph.D./ Ph.D. तथा पदार्थ-विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा(PGDMS) आदि उपाधियाँ प्रदान करता है। PGDMS के अलावा शिक्षकों को अपने ज्ञान-वर्धन हेतु(अध्यापन-कौशल बढ़ाने हेतु) अवसर उपलब्ध कराता रहा है। केंद्र पर विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों का अनुसरण करनेवाले अनुसंधानात्मक छात्रों की संख्या में निरंतरता से वृद्धि होती रही है। वर्तमान छात्र संख्या 305 रही है। अगस्त 2015 के सत्र के दौरान केंद्र पर तिरसठ(63) छात्रों ने प्रवेश लिया है तथा जनवरी 2016 के मध्यवर्षीय प्रवेश के दौरान 8 छात्रों ने प्रवेश लिया है। 29 छात्रों को Ph.D. उपाधियाँ, तथा तीन को M.S.(अभि) उपाधियाँ प्रदान की गई हैं। M.S. (समेकित Ph.D.) के अधीन 8 छात्रों को जैविकीय विज्ञान में M.S. उपाधियाँ, एक छात्र को विज्ञान शिक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा(PGDSE) तथा तीन छात्रों को पदार्थ-विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा(PGDMS) प्रदान किये गये हैं।

यह संतोष का विषय रहा है कि शैक्षिक, अनुसंधान, अधिसदस्यता तथा विस्तरण कार्यक्रम योजनाओं के अनुसार ही प्रगति पर रहे हैं। शिक्षा-प्रौद्योगिकी एकक(ETU) तथा हॉल ऑफ़ साइन्स(विज्ञान भवन) द्वारा कर्नाटक के भीतर तथा देश के अत्यंत दूरवर्ती क्षेत्रों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने की दिशा में कार्यक्रमों की श्रेणियों का आयोजन किया गया है।

यह तो अत्यंत गर्व का विषय रहा है कि प्रो उमेश वी वाधमारे ने अभियांत्रिकी तथा संगणना विज्ञान की श्रेणी में प्रतिष्ठित इन्फ़ोसिस पुरस्कार 2015 प्राप्त किया है। प्रो सी एन आर राव को लिवर एवं बिलियरी विज्ञान संस्थान(ILBS) नई दिल्ली द्वारा मानद डॉक्टर ऑफ़ साइन्स से सम्मानित किया गया तथा राष्ट्रीय चेंग कुंग विश्वविद्यालय, तैनान, तैवान द्वारा मानद डॉक्टर ऑफ़ इंजिनिरींग से सम्मानित किया गया। अनेक संकाय सहयोगियों ने भी वर्ष 2015-16 के दौरान पुरस्कार तथा सम्मान प्राप्त किया है। (पृष्ठ संख्या 150 पर पुरस्कार/प्रतिष्ठा के अधीन विस्तृत सूची दी गई है)। विद्यार्थियों ने भी राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में अपनी उपस्थिति दी तथा अत्युत्तम भित्तिचित्र पुरस्कार प्राप्त किये। हार्दिक बधाइयाँ।

JNCASR के अनुसंधानकर्ताओं ने अपने आविष्कारों तथा अन्वेषणों के द्वारा विज्ञान में उत्कृष्टता जारी रखी है। सुप्रसिद्ध उच्च संघात घटकवाली अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं(जर्नलों) में प्रकाशनों की संख्या में वृद्धि हमारे वैज्ञानिक निष्पादन का एक सूचक रही है। हमारे अनुसंधान की गुणवत्ता का साक्ष्य-इस तथ्य से होता है कि इस वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान 28 पेटेंट-आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं-(इंडिया-10, अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट आवेदन-PCT-4, USA-3, यूरोप-2, ऑस्ट्रेलिया-2, केनडा-2, चैना-1, जापान-1, कोरिया-1, ब्राजिल-1, हाँग काँग -1) तथा 13 पेटेंट प्रदान किये गये (USA-5, यूरोप-4, चैना-2, जापान-1, जर्मनी-1)। इसी से केंद्र आजतक 219 पेटेंट आवेदन कर सका है (भारत-73, PCT-45, USA- 46, यूरोप-20, जापान-7, चैना-6, कोरिया-5, ऑस्ट्रेलिया-5, ब्राजिल-3, केनडा-3, द.आफ्रिका-2, वियेटनाम-1, इस्राइल-1, जर्मनी-1, हाँग काँग-1) तथा 53 पेटेंट प्राप्त किये गये (USA-25, भारत-8, यूरोप-8, जापान-4, चैना-3, द आफ्रिका-2, ऑस्ट्रेलिया-1, कोरिया-1, जर्मनी-1) इनके अतिरिक्त एक औद्योगिक अभिकल्प तथा एक व्यापार-चिह्न का पंजीकरण किया गया है।

अपने ही एककों में तथा भारत के आरपार तथा विदेशों की संस्थानों के साथ स्पंदनात्मक अनुसंधान सहयोगों ने हमारी सफलता के लिये पर्याप्त योगदान प्रदान किया है। उसका ऐसा एक उदाहरण है-प्रति-सूक्ष्मजीवाणुवीय यौगिकों के अनुसंधान तथा विकास और औषधीय अन्वयनों के लिये उनके अन्वेषणों के लिये इंग्लैंड के पब्लिक हेल्थ के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जाना। हम अपने आविष्कारों तथा नवोन्मेषों को अनुज्ञाप्तियों (लाइसेंसों) में परिवर्तित कर लेने के अन्वेषित मार्गों को प्राप्त करने लेने में हम सफल हो गये हैं। इस दिशा में संख्या सूत्र लैब प्रा.लि. नामक हमारे प्रथम नवोद्यम(स्टार्टप) का उद्घाटन रहा है। यह नवोद्यम(स्टार्टप) देश के कौशल्य-क्षेत्र के लिये भी महत्वपूर्ण रहा है। दि 28 अक्तूबर 2015 को मि.डेनिस डांबोइस-प्रथम काउन्सलर(परामर्शक) तथा अनुसंधान एवं नवोन्मेष के प्रधान के नेतृत्व में यूरोपीयन यूनियन तथा विविध सदस्य-देशों के प्रतिनिधि-मंडल का दौरा(आगमन) हमें और अधिक अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों को विकसित कर लेने के लिये अवसर प्रदान करेगा। मार्च 2016 में हमारे आविष्कारों के लिये अनुज्ञाप्ति प्राप्त करने के उद्देश्य से अकादमियों तथा उद्योगों के बीच में अंतर्क्रिया में वृद्धि करने हेतु 08 मार्च 2016 को JNCASR में एक "औद्योगिक-सम्मेलन" का आयोजन किया गया था। तकनीकी(तांत्रिक) अनुसंधान केंद्र (TRC) की स्थापना JNCASR में वर्ष 2016 के प्रारंभ में ही विप्रौवि(DST), भारत सरकार की आर्थिक सहायता से, आंतरिक बहुमुखी मंच(प्लेटफ़ार्म) के रूप में की गई है ताकि महानतर(अधिक)आर्थिक-सामाजिक लाभों के लिये JNCASR के अनुसंधानों तथा विकासों को उत्पादों एवं प्रक्रियाओं में परिवर्तित कर लेने के अपने प्रयत्नों को(त्वरितता) तीव्रता दी जा सके। तदनुसार यह TRC(तांअकें) कथित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये निम्न बहुविध साधनों(मार्गों) द्वारा कार्य कर रहा है-अर्थात्-अगली प्रौद्योगिकी तत्परता(तैयारी) स्तर के लिये अपने चयनित प्रौद्योगिकियों/जानकारी/बौद्धिक संपत्ति में स्नातकता प्राप्त करने हेतु अनुसंधान एवं विकास(R&D) अंतर्संरचना का निर्माण करना, JNCASR में विकसित बौद्धिक संपत्ति के आधार के(स्टार्टप)नवोद्यम के सृजन तथा पोषण, वाणिज्यिकीय अन्वेषणों के लिये JNCASR की प्रौद्योगिकियों/बौद्धिक संपत्ति के हस्तांतरण/ अनुज्ञाप्तिकरण(लाइसेन्सिंग); तथा प्रौद्यो-वाणिज्यिकीय महत्व की संयुक्त R&D परियोजनाओं को अपनाने हेतु औद्योगिक भागीदारों के साथ सहयोग करना। शेल ग्लोबल R&D टीम तथा सिंगपुर अस्टर टीम के दौरे(आगमन) ने हमें अपने अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों को विस्तरित कर लेने हेतु अवसर प्रदान किया है। संघ सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पृथ्वी-विज्ञान मंत्रालय के माननीय मंत्री डॉ हर्ष वर्धन ने दि 09 फरवरी 2016 के केंद्र पर तंत्रिका विज्ञान भवन का उद्घाटन किया तथा संकाय-सदस्यों को संबोधित किया। प्रो के विजयराघवन, सचिव, DBT ने भी केंद्र का दौरा किया तथा संकायों के साथ चर्चा की।

केंद्र, सम्मेलनों, संगोष्ठियों, चर्चा-गोष्ठियों तथा चर्चा-बैठकों द्वारा स्पंदनात्मक शैक्षिक कार्यकलापों को बनाये रखता है।

ये सभी विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की निरंतर आर्थिक सहायता के साथ संभव हो पाये हैं। अब हम अंतर्संरचना में सुधार करने तथा सुविधाओं के संवर्धन में वि प्रौ वि(DST), जैव प्रौ वि(DBT) तथा अन्य स्रोतों की निधि से और आगे सुधार करने के इच्छुक हैं। उच्चतर अध्ययन के आविर्भावी संस्थान के रूप में बने रहने हेतु हमने कुछ नये सूत्रवातों तथा अनुसंधान के कुछ क्षेत्रों को प्रारंभ करने को बद्ध हैं

प्रो वी नागराज
अध्यक्ष, ज ने उ वै अ केंद्र

प्रस्तावना

जवाहरलाल नेहरु उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र (जनेउवैअकें) बेंगलूर, जो देश भर में आरंभिक अनुसंधानात्मक संस्था रही है। इसकी स्थापना पंडित जवाहरलाल नेहरु जन्म शताब्दी वर्ष 1989 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा की गयी। इस संस्थान के प्रमुख उद्देश्य हैं - विज्ञान एवं अभियांत्रिकी क्षेत्रों में अग्रणी और विज्ञान की अंतर्शाखाओं में उत्तम स्तर पर वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण का अनुसरण एवं प्रोन्नत करने के रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के जर्नलों में प्रकाशनों एवं एकास्वाधिकार प्रस्तुतीकरण की संख्या हर वर्ष लगातार उत्तरोत्तर वृद्धि पर है। यह केंद्र केवल 27 वर्ष पुराना है, फिर भी, वैज्ञानिक जगत में नियमित रूप से ही विभेदक खोजों द्वारा चर्चा में रहा है। इस केंद्र के अनेकों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ सहयोग रहे हैं। इस केंद्र की उपलब्धियों की पहचान के रूप में, मानव संसाधन विकास मंत्रालय(भा स) ने इस केंद्र को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय का स्तर दिया है ताकि यह केंद्र गुणवत्तावाले मानव शक्ति को प्रशिक्षित कर सके। इस केंद्र के संकाय सदस्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं अभियांत्रिकी अकादमियों के भी अधि-सदस्य रहे हैं।

इस केंद्र के संस्थापक प्रोफ़ेसर सी एन आर राव 1989 से 1999 तक अध्यक्ष के पद पर थे। अब वे इस केंद्र के मानद अध्यक्ष हैं और प्रधान-मंत्री की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष हैं। उनके उत्तराधिकारी प्रोफ़ेसर वी कृष्णन ने 2000 से 2003 तक केंद्र के अध्यक्ष पद पर सेवाएँ दीं। प्रो एम आर एस राव ने अपने अध्यक्षीय कार्यालय 2003 से 2013 तक केंद्र को अपनी सेवाएँ दीं। प्रो के एस नारायण ने 2013 से 2015 तक केंद्र के प्रभारी अध्यक्ष पद पर सेवाएँ दीं। प्रो वी नागराज अक्तूबर 2015 से अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं।

***

उद्देश्य

केंद्र के उद्देश्य हैं :

- विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में विश्व-श्रेणी स्थापित करना एवं संचालित करना;
- विज्ञान की अंतर्शाखाओं में तथा सहयोगात्मक अनुसंधान का संपोषण;
- वैज्ञानिक अनुसंधान के संचालन हेतु(सन्नद्ध) सुसज्जित प्रयोगालयों, संगणनात्मक तथा अंतर्संरचनात्मक सुविधाओं की स्थापना करना।
- विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में उच्च गुणता Ph.D यों के द्वारा मानव पूँजी का सृजन;
- विज्ञान अधिक्रम तथा विस्तरण कार्यकलापों के द्वारा स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों के बीच में विज्ञान एवं अनुसंधान के बारे में जागरूकता की वृद्धि करना;
- प्रयोगालय से समाज की ओर अनुसंधान को ले जाना।

***

प्रगति

हमने रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान कुछ प्रमुख आविष्कारों तथा अन्वेषणों के साथ अनेकों स्मरणीय एवं उत्तेजनात्मक क्षणों प्राप्त किया है। केंद्र के सभी अनुसंधान एककों से अर्थपूर्ण प्रगति प्राप्त कर ली गई है।

अगस्त 2015 तथा जनवरी 2016 के प्रवेशों के दौरान छात्रों का उत्तम संख्या में प्रवेश होता रहा है। जिनमें, विभिन्न उपाधि कार्यक्रमों के अधीन, अगस्त 2015 के दौरान 63 छात्रों ने प्रवेश लिया तथा जनवरी 2016 के दौरान मध्यवर्षीय प्रवेशों 8 छात्रों ने प्रवेश लिया। अब केंद्र पर वर्तमान छात्रों की संख्या 305 रही हैं। केंद्र पर अपने कार्यावधि सफलतापूर्वक पूरा कर लेने के बाद, इस वर्ष विविध शैक्षिक उपाधि कार्यक्रमों क्र अधीन 53 छात्रों ने अपनी-अपनी उपाधियाँ प्राप्त कर ली हैं जिनमें सम्मिलित हैं- 29 को Ph.D. तथा 3 को M.S.(अभि.) की उपाधियाँ प्रदान की गई हैं। M.S. समेकित Ph.D. के अधीन, 17 उपाधियाँ प्रदान की गई हैं, उनमें से 8 को जैविकीय विज्ञान में, 5 को रासायनिक विज्ञान में, तथा 4 को पदार्थ विज्ञान में उपाधियाँ दी गई हैं। इसके अतितिक्त 1 छात्र को विज्ञान शिक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा(PGDSE) तथा 3 छात्रों को पदार्थ विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा(PGDMS) प्रदान किये गये। केंद्र पर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप कुल मिलाकर 208 Ph.D. उपाधियाँ, 58 M.S.(अभि.), 3 M.S.(अनुसं), 103 M.S. (समेकित Ph.D.), 1 M.Sc. (अनुसं) उपाधियाँ तथा 8 PGDSE(विशिस्नाडि) तथा 12 PGDMS(पविस्नाडि) प्रदान की गई हैं।

इस केंद्र का उद्भव, जैविकी, रासायनिकी, अभियांत्रिकी तथा भौतिकी की भूमिका से युक्त विज्ञानियों में से प्रभावी अंतर्क्रियाओं के साथ अनुसंधान की अंतर्शाखा में एक स्थान के रूप में हुआ है। JNC समुदाय, न केवल अनुसंधान के अनुसरण में कार्य करता रहा है बल्कि सामान्य व्यक्ति की पहुँच के लिये विज्ञान से संबंधित कार्यकलापों के प्रचार पर भी कार्य करता रहा है। अनुसंधान तथा प्रशिक्षण के प्रति अपने योगदानों की मान्यता(पहचान) में इस केंद्र ने तथा इसके संकाय सदस्यों ने वर्ष के दौरान विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मान तथा पुरस्कार प्राप्त किये हैं। एकास्वाधिकार अभिमुखी अनुसंधान एवं विकास(R&D) तथा बौद्धिक संपत्ति उन्नयन के क्षेत्र में केंद्र की अर्थपूर्ण उपलब्धियों की मान्यता(पहचान) में केंद्र ने राष्ट्रीय बौद्धिक संपत्ति पुरस्कार-2015 में भारतीय एकास्वाधिकार कार्यालय से बौ.सं.सं.(IPO) प्रेरणा-पुरस्कार प्राप्त किया है।

संकाय सदस्यों में से प्रो सी एन आर राव ने अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये हैं - जापान सरकार के उच्चतम नागरिक पुरस्कारः द ऑर्डर ऑफ़ राइजिंग सन गोल्ड एंड सिल्वर स्टार(उदीयमान सूर्य, स्वर्ण तथा रजत नक्षत्र श्रेणी) तथा शिवाजी विश्वविद्यालय कोल्हापुर का कंबीरकर पुरस्कार-2016; लीवर एवं बिलियरी विज्ञान संस्थान(ILBS), नई दिल्ली द्वारा मानद डॉक्टर ऑफ़ साइन्स; राष्ट्रीय चेंग कुंग विश्वविद्यालय, तैनान, तैवान द्वारा मानद डॉक्टर ऑफ़ इंजीनियरिंग; डी वाई पाटील विश्वविद्यालय, पुणे के हॉनरिस कॉसा डॉक्टरेट ऑफ़ साइन्स; भा.प्रौ.सं(IIT) कानपुर के हॉनरिस कॉसा डॉक्टरेट ऑफ़ साइन्स। प्रो रोद्दम नरसिंह ने अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा गुरुश्रेष्ठ-2015 का पुरस्कार दि 15 सितंबर 2015; मैसूरु विश्वविद्यालय के पूर्वछात्र संघ के पूर्वछात्र सम्मेलन में प्रतिष्ठित पूर्वछात्र के रूप में चयनित दि 06 फरवरी 2016 प्राप्त किये हैं। प्रो एम आर एस राव ने जीवन विज्ञान 2012-13 के लिये गोयल पुरस्कार प्राप्त किया है। प्रो उमेश वी वाघमारे ने अभियांत्रिकी तथा संगणना विज्ञान(2015) के लिये इन्फोसिस पुरस्कार तथा उन्नत पदार्थ भारतीय पदार्थ-अनुसंधान सोसाइटी (2016) में CNR राव व्याख्यान प्राप्त किया है। प्रो के एस नरसिंह ने वर्ष 2013 के लिये युवा अभियंता के रूप में प्रो सतीश धवन पुरस्कार प्राप्त किया है तथा डॉ टी गोविंदराजु ने वर्ष 2014 के लिये कर्नाटक स्टेट काउन्सिल फ़ॉर साइन्स एंड टेक्नोल्जी(KSCST) एवं इन्फ़रमेशन टेक्नोलॉजी, कर्नटक सरकार द्वारा युवा विज्ञानी के रूप में सर सी वी रामन राज्य पुरस्कार प्राप्त किया है। प्रो तपस कुमार कुंडु ने भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा वर्ष 2015 के लिये डॉ नित्य आनंद धर्मदाय व्याख्यान पुरस्कार तथा वर्ष 2015-16 के लिये G P चटर्जी स्मारक पुरस्कार, भारतीय विज्ञान कॉंग्रेस संघ द्वारा पुरस्कार प्राप्त किये हैं। प्रो श्रीकांत शास्त्री ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार 2015 प्राप्त किया है। डॉ सेबास्टियन सी पीटर ने MRSI(भारतीय पदार्थ अनुसंधान सोसाइटी)के पदक 2016 प्राप्त किया है। डॉ सुबी जे जार्ज ने रासयनिकी में NASI-SCOPUS युवा विज्ञानी पुरस्कार वर्ष 2015 प्राप्त किया है। डॉ संतोष

अंसुमाली को APS पत्रिका के वर्ष 2016 के लिये उत्कृष्ट रेफरी के रुप में चुना गया है। डॉ कनिष्क बिस्वास नेरासायनिकि विज्ञान में राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी(NASI) के युवा वैज्ञानिक प्लाटिनम जयंती पुरस्कार 2015 प्राप्त किया तथा युवा वैज्ञानिक अनुसंधान पुरस्कार, DAE-BRNS, भारत(2015) तथा अजैविक रासायनिकी सीमांत-रॉयल सोसाइटी ऑफ़ केमिस्ट्री(RSC) द्वारा अजैविक रासायनिकी में उदयोन्मुख अन्वेषक 2015 के रूप में चयनित।

अनेकों Ph.D. छात्रों ने विज्ञान के प्रति अपने योगदानों की मान्यता हेतु राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पुरस्कार एवं अत्युत्तम भित्तिचित्र(पोस्टर) पुरस्कार प्राप्त किये हैं।

केंद्र के संकाय सदस्यों ने वर्ष 2015-16 के दौरान लगभग 257 वैज्ञानिक लेखों को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की पत्रिकाओं में, सम्मेलन कार्यवाहियों में तथा पुस्तकों में प्रकाशित कराया है। अधिकांश प्रकाशन उच्च संघात घटकवाली(जर्नलों) पत्रिकाओं से हैं। यों वर्ष 2015 में प्रकाशित कुल 250 पत्रिका के लेखों का औसत संघात घटक -- 4.561 रहा है।

नये अन्वेषकों के लिये अनेकों एकास्वाधिकार-आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। इनके विवरण को "बौद्धिक संपत्ति" के अधीन विस्तरण क्रियाकलापों के अंतर्गत दिया गया है।

शैक्षिक संस्थाओं एवं वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ अंतर्क्रियाएँ जारी हैं तथा सहयोगात्मक अनुसंधान, स्नातक छात्रों के आदान-प्रदान तथा परामर्शक प्रायोजनाओं से संबद्ध औपचारिक संबंध(करार) विस्तरित किए जा रहे हैं।

केंद्र के मानद संकाय सदस्यों ने केंद्र के शैक्षिक एवं विस्तरण कार्यक्रमों के मार्गदर्शन में अपने महत्वपूर्ण पात्र को जारी रखा है।

ग्रीष्म अनुसंधान अधिसदस्यताएँ, प्रा अ रा शि(POCE), प्रा अ जै शि(POBE) आगंतुक अधिसदस्यताएँ, विस्तरण कार्यक्रम एवं शैक्षिक विनिमय कार्यक्रमों ने व्यापक रूप से धानाकर्षित किया है तथा वे अत्यंत सफल रहे हैं। केंद्र की आगंतुक अधिसदस्यता-2015-16 के लिये देशभर की अनुसंधान-संस्थाओं से (13) तेरह विज्ञानियों का चयन किया गया है। इन चयनित विज्ञानियों को CPMU, EOBU, MBGU, NCU, NSU तथा TSU के संकायों के अतिथ्य में नियोजित किया गया है। उनहत्तर(69) छात्रों ने ग्रीष्म अनुसंधान अधिसदस्यता कार्यक्रम 2015 के लिये छात्रवृत्ति का लाभ उठाया है तथा भौतिकी, रासायनिकी, जैविकी या अभियांत्रिकी के विभिन्न क्षेत्रों में, बेंगलूरु में तथा देश के अन्यत्र स्थानों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वर्ष 2015 के लिये तेरह(13) छात्रों को राजीव गाँधी अधिसदस्यता प्रदान की गई है। परियोजना अभिमुखी जैविकी शिक्षा(POBE) के लिये 171 आवेदन प्राप्त किये गये तथा उनमें से 10 छात्रों का चयन किया गया है, तथा परियोजना अभिमुखी रासायनिकी शिक्षा(POCE) के लिये 263 आवेदन प्राप्त किये गये तथा उनमें से 11 छात्रों का चयन किया गया है। POCE 2015 के (9)नौ छात्रों ने अपने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया है। JNCASR-CICS अधिसदस्यता कार्यक्रम 2015-16 के अधीन नाइजिरिया, उज़बेकिस्तान, ईथोपिया, श्रीलंका, ज़ांबिया तथा कैमरून से (6) छह वैज्ञानिकों की चयनित-सूची बना ली गई है।

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान 10 चर्चा बैठकों, 17 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, कार्यशालाओं तथा चर्चागोष्ठियों की आर्थिक सहायता पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से केंद्र द्वारा की गई है। लगभग 47 संगोष्ठियाँ हुई हैं, 13 समर्थ धर्मदाय व्याख्यान, 8 द्रव गतिकी चर्चा-गोष्ठियाँ तथा 1 विशेष व्याख्यान प्रतिभासंपन्न विज्ञानियों द्वारा प्रस्तुत किये गये हैं।

अनुसंधान एवं अन्य कार्यकलापों की विशिष्टियाँ

रासायनिकी तथा पदार्थ भौतिकी एकक (CPMU-रापभौए)

आण्विक प्रतिरूपण समूह ने ऐसे अनेक क्षेत्रों में जीवनावश्यक योगदान दिया है जिनमें सम्मिलित हैं -अनिल भंडारण, किण्वकीय उत्प्रेरणा, अधि आण्विक संयोजन तथा कक्ष तापमान ऑयॉनिक द्रव(RTIL-कताआद्र) MD अनुरूपणों का उपयोग करके अनेक RTIL यों की सुघट्य स्फटिकीय प्रावस्था में स्पंदनात्मक एवं विकिरणीय गतिकियों का अध्ययन किया गया है। अधिआण्विक प्रणाली की द्रव-स्फटिकीय प्रावस्था पर बाह्य विद्युतीय क्षेत्र के प्रभाव ने इसकी प्रवृत्ति में महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाया है। प्रो एम ए शिवप्रसाद के अनुसंधान समूह में उन पतली-फ़िल्मों(पटलों) तथा नानो-संरचनाओं के अधस्तरीय वृद्धि पर अध्ययनों को जारी रखा गया है, जो गैलियम तथा इंडियम नाइट्राइड-नानो-संरचनाओं की वृद्धि में किये गये रोचक वीक्षणों में परिणत हो गया है। इस अनुसंधान समूह ने गैलियम नानो-भित्ति जालकार्य में रूपण तंत्र तथा बंध-रूपण का आविष्कार किया है। डॉ एम ईश्वरमूर्ति का अनुसंधान समूह, विद्युत रासायनिकी जल विखंडन तथा ईंधन - कोशिकाओं में ऑक्सिजन की घटौती का उपयोग करके जलजनक के उत्पादन के लिये द्वि-प्रकार्यात्मक विद्युत-उत्प्रेरक-विभव पर आधारित संपोषणीय तथा सक्षम धातु-मुक्त विष-परमाणु-मादित कार्बनों पर कार्य कर रहा है तथा पारंपरिक Pt आधारित उत्प्रेरकों के प्रतिस्थानन पर ध्यान केंद्रीत करते हुए धातु-वायु-बैटरी को विकसित किया जा रहा है। प्रो ए सुंदरेशन के अनुसंधान समूह ने ऐसे अनेक e-साइट(स्थल) प्रतिलौह-चुंबकीय ऑक्सॉइडों Co_3O_4 तथा MnB_2O_4(B=Al, Ga), में रेखीय चुंबक विद्युतीय प्रभाव का आविष्कार किया है जो (कठोर स्फटिकीय खनिज) स्पाइनेल संरचना(Fd3m) के साथ AB_2O_4 ऑक्सॉइडों के परिवार का होता है। इन सामान्य स्पाइनेलों में A-साइट में स्थित चुंबकीय आयॉन (Co^{2+} तथा Mn^{2+}) निम्न तापमानों पर सहरेखीय प्रति लौह चुंबकीय अनुक्रमण(क्रम) को प्राप्त करते हैं जहाँ वह चुंबकीय विद्युतीय गुणधर्मों को प्रदर्शित करता है। डॉ श्रीधर राजराम के अनुसंधान समूह ने मरोडे पेरिलिन सौर कोशिकाओं में आवेश स्थानांतरण गतिकी के बारे में एक स्पष्ट समझ प्राप्त कर ली गई है। आण्विक पदार्थ समूह ने विगत वर्ष भर में विभिन्न रंध्रीय पदार्थों का आविष्कार किया है तथा अनिल अधिशोषण, उत्प्रेरणा तथा उच्च जल भौतिकी के प्रति संवेदना से प्रारंभ करके अनेक श्रेणियों के गुणधर्मों का अध्ययन किया है। प्रकाश प्रकीर्ण प्रयोगालय(प्रप्रप्र-LSL) ने विश्वस्त अ-pcr आधारित नाभिक आम्ल संसूचना के विकास करते हुए अनुलेखनात्मक-सह-सक्रियक Kpn1 पर Mg^{2+} आयॉन के महत्व को समझते हुए इसके ऊतक असिटाइल ट्रान्सफ़रेस कार्यकलापों के लिये p300 में औषधि प्रोटीन अंतर्क्रियाओं के अध्ययन के लिये SERओं के उपयोग के अपने कार्य को जारी रखा है। प्रो के एस नारायण के अनुसंधान समूह ने संविरचना प्रक्रिया के दौरान उस विद्युत-क्षे।त्र के अन्वयन की उपयोगिता को प्रदर्शित किया है जो जैविक ट्रान्सिस्टरों(पारवाहकों) तथा सौर-कोशिकाओं के उच्चतर निष्पादक के गुणधर्म को समर्थ बना देती है।

शिक्षा प्रौद्योगिकी एकक (ETU)

यह एकक विज्ञान की विभिन्न अंतर्शाखाओं में स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिये बहुमाध्यमीय सी डॉ. रॉमों तथा पुस्तकों की संकल्पना, विकास एवं निर्माण के कार्य में सम्मिलित है। इस एकक ने अंग्रेजी तथा भारतीय देशी भाषाओं में सी डॉ. रॉमों तथा पुस्तकों के विकास एवं निर्माण का कार्य किया है। विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के लिये दिये गये व्याख्यान/कार्यशालाएँ अत्यंत लोकप्रिय रहे हैं। इन व्याख्यानों तथा कार्यशालाओं का संचालन भौतिकी, रासायनिकी तथा जैविकी जैसे विषयों पर किया गया। सी एन आर राव हॉल ऑफ़ साइन्स - ज ने उ वै अ कें द्वारा प्रायोजित ग्रीष्म-2015-विज्ञान अधिक्रम कार्यक्रम का संचालन हिमालयी ग्रामविकास समिति, गंगोलीहाट के सहयोग में प्रो के एस वाल्दिया द्वारा 29-30 अप्रैल 2015 के दौरान किया गया। विज्ञान अधिक्रम कार्यक्रम का संचालन दशैताल, गंगोलीहाट, पित्ताड़गढ़, उत्तराखंड में किया गया था जिसमें विभिन्न स्कूलों के 122 विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने प्रतिभागिता की थी। सी एन आर राव शिक्षा प्रतिष्ठान के सहयोग में ज ने उ वै अ कें ने रासायनिकी शिक्षा के राष्ट्रीय पुरस्कार(AVRA हैदराबाद द्वारा प्रदानित) प्रो

उदय मैत्रा को प्रदान किया गया। उत्कृष्ट विज्ञान शिक्षकों के लिये सी एन आर राव शिक्षा प्रतिष्ठान द्वारा प्रायोजित 2014 के पुरस्कार-श्रीमती मीनु वाध्वा तथा श्री प्रकाश रामचंद्र गरगट्टी को प्रदान किये गये। एक विज्ञान अभिमुखी कार्यशाला का आयोजन कर्नाटक भर के विभिन्न जनवि(JNV) की कक्षा XI के विद्यार्थियों के लिये किया गया था। "रासायनिक बंध के सौ वर्ष" - विषय पर दि 29 जनवरी 2016 को एक विशेष कार्यशाला का आयोजन रासायनिक बंधक के आविष्कार की शताब्दी के स्मरण में किया गया था। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम में 'विज्ञान के चमत्कार' विषय पर लघु व्याख्यान हुआ उसके बाद केंद्र के संकायों तथा विद्यार्थियों द्वारा भौतिकी एवं रासायनिकी के प्रयोगों पर प्रदर्शन किये गये। इस कार्यक्रम में 150 विद्यार्थियों ने तथा अध्यापकों ने भाग लिया था जो दि 25 फरवरी 2016 को हुआ था। रासायनिकी में एक कार्यक्रम दि 8 दिसंबर 2015 को आयोजित था जिसमें प्रो सी एन आर राव, प्रो आँडी कूपर, प्रो अशोक गंगूली तथा प्रो बालसुब्रमणियन ने 'रासायनिक बंध' नामक विषय पर व्याख्यान दिये। इस कार्यक्रम में 200 विद्यार्थियों ने तथा अध्यापकों ने भाग लिया था। सी एन आर राव हॉल ऑफ़ साइन्स तथा ETU ने लगभग 40 विद्यालयों के 200 बच्चों के लिये दि 21-23 जनवरी 2016 को"विज्ञान समारोह" का संचालन परिक्रम(एक असरकारी संगठन) के साथ किया। इस समारोह का विषय 'ऊर्जा' रहा। प्रो सी एन आर राव ने इस समारोह का उद्घाटन किया तथा विद्यार्थियों को संबोधित किया।

अभियांत्रिकी यांत्रिकी एकक (EMU)

वर्ष 2015-16 के दौरान, अभियांत्रिकी यांत्रिकी एकक के कार्यकलापों में निम्न सम्मिलित हैं - स्पंदित कणकीय संस्तर में संवहन एवं अस्थिरताओं का अध्ययन, अनुलंब तथा अनुप्रस्थ मुक्त द्वारों के द्वारा विभिन्न सांद्रता द्रवों के चेंबरों के बीच में द्रवों का विनिमय, तनुकृत कणकीय अनिलों(गैसों) में आघात - तरंगें, भारी वैज्ञानिक अनुरूपणों के लिये विलंबित विभिन्नता योजना पर आधारित सुधरे परिकलन का विकास, उच्च सांद्रता अनुपातों के साथ तीन आयामीय बहु प्रावस्था अनुरूपणों के लिये जालक(जालंध्र) योजना कार्यान्वयन। यास न्यूनकरण(घटाव) बहुलक(DRP) के प्रयोगमूलक अध्ययन ने यह संकेत दिया है कि वहाँ पर विलंबित पारगमन घटित होता है, समतल जल की तुलना में वक्त विलयन में दीर्धतर तरंगदैर्ध्य के प्रति अस्थिरता का अंतरण होता है। अति उच्च विभेदक(190 मिलियन ग्रिड) सीधे नेवियर स्टोक्स कंप्यूटर अनुरूपणों ने प्रथम बार, मापित मूल्यों के अति-निकट के ब्लेड(फलक) पर दाब वितरणों को उपलब्ध कराया है। वर्तमान में बहाव के और अनेक रोचक पहलुओं जो अनुरूपणों से व्यक्त किये गये हैं - का विस्तार से विश्लेषण किया जा रहा है। अनुकूलतम तंत्रों के उपयोग द्वारा टर्बो प्रॉप एयरक्राफ्ट(दाब चालित नोदक विमान) वायुयान के लिये नवल निम्न यास पंख प्लैनफार्म का प्राप्त कर लिया गया है जिसके लिये US, दक्षिण कोरिया तथा जापान से पेटेंट प्राप्त हो गये हैं।

विकासवादी तथा जैविकीय जैविकी एकक (EOBU):

इस एकक ने संपूर्ण जैविकीय जैविकी के क्षेत्र में कार्मिकों को निम्नों के द्वारा प्रशिक्षित करने के कार्य को जारी रखा है- PhD समेकित PhD तथा MS कार्यक्रमों के साथ ही POBE के संकायों की प्रतिभागिता तथा JNCASR के SRFP कार्यक्रम तथा साथ में तीन भारतीय विज्ञान अकादमियों तथा DST(विप्रौवि) तथा KVPY द्वारा संचालित समान अधिक्रम कार्यक्रम आदि। एक सिद्धांत विकसित कर लिया गया है जो यह समझ लेने के लिये कि न केवल सांद्रता(आहार की प्रतिमात्रा के प्रति अंडे) बल्कि ड्रोसोफिला संवर्धन की शीशियों के आहार स्तंभ की कुल उच्चता भी संकलित संवर्धनों में चयन की प्रकृति पर प्रभाव डालती है तथा संभवतः विभिन्न प्रकार की विशेषताओं के द्वारा प्रतियोगात्मक क्षमता के विकास को अग्रसर करती है। नागरहोळे तथा बंडीपुर में एशियाई हाथियों की सामाजिक संरचना पर कार्य जारी है। इन जीवसंख्याओं में विशिष्ट वंशो का पता लगाया है। वंश की सदस्यता में वर्षों तक कोई परिवर्तन नहीं रहा कि वंशों के भीतर अधिमान्य सहयोग रहे तथा वर्षों तक जोडीवार (युग्मवार)सहयोग शक्तियों में सार्थक ससंबद्ध रहें जो यह सुझाता है कि वह इस सामाजिक संरचना में स्थिरता की उचित मात्रा वाला रहा है। सामान्य मैनाओं के चारे(आहार) की तलाशी के वीक्षण ने यह दर्शाया है कि जाँच की गई झंझरियों (ग्रिडों) के स्तर पर आहार की क्षणभंगुरता(एकदिवसियता) की उच्च डिग्री होती है तथा एक दिन में ही संसाधन का रिक्तीकरण हो जाता है। दैनंदिन क्रिया समावर्तनों तथा चयापचयी प्रक्रियाओं के बीच में

अंतर्क्रियाओं पर भविष्यत् के अध्ययनों के लिये एक उपयोगी पद्धति के रूप में बहुविध-सांख्यकीय विश्लेषण के साथ संयुज्य NMR आधारित (चयापचयिता) मेटाबोलोमिक्स की स्थापना EOBU ने IISER मोहाली के अनुसंधानकर्ता-सहयोगियों के सहयोग में की है। दैनंदिन क्रिया के गतिनियामक एवं निद्रा की समस्थिरता के बीच की अंतर्क्रियाओं के अध्ययनों ने यह दर्शाया है कि निद्रा-उन्नायक पृष्ठीय पंखे के आकार के काय(शरीर) तंत्रिकाओं को स्तब्ध(शांत) करने के द्वारा PDF तंत्रिकाएँ दिवा-समय की जाग्रतावस्था का उन्नयन करती हैं। एक अध्ययन में यह पाया गया है कि सांध्य सामयिक प्रौढता आविर्भाव के लिये चयनित डी.मेलानोगास्टर जीवसंख्याएँ यह प्रदर्शित करती हैं कि उसे विलंबित कोशावस्था तथा विकसित समय-आशु प्रजता एवं घटाये(कम) प्रौढ जीवनकाल होता है। सांध्य सामयिक प्रौढता आविर्भाव के लिये चयनित डी.मेलानोगास्टर जीवसंख्याओं का विकास, अशक्त दोलनों, बृहत्तर विकासात्मक सुघट्यता तथा उच्चतर अवधि सुघट्यता से रचित दैनंदिन कार्य समयावर्तन(घड़ी) के रूप में होता है। नर फलमक्षिका ड्रोसोफिला युग्म-वार सामाजिक अंतर्क्रिया की क्रियाविधि/विश्राम लय पर बहुसंगमनी(बहुलैंगिकता) के प्रभाव को सिद्ध किया गया है जो नर फलमक्षिकाओं डी.मेलानोगास्टर के समयावर्तन-स्वतंत्र निद्रा-वर्धन में परिणत हो जाता है। Or47b घ्राणेंद्रिय संवेदक तंत्रिकाएँ(नाड़ियाँ) फलमक्षिका डॉ.मेलानोगास्टर में नर-संगम(संभोग) की सफलता को नियंत्रित करती हैं।

भू-गतिकी एकक (GDU):

रिपोर्टित अवधि के दौरान, अंदमान क्षेत्र में भूपरत विरूपण तथा दीर्घावधि सुनामी पुनरावर्तन पर इससे पहले प्रारंभ किये अध्ययनों को जारी रखा गया है। चल रहे अनुसंधान का ध्यान केंद्रीय हिमालय में नवतम जलवायु विकास के अतिरिक्त नव विवर्तनिकी तथा भूकंप उत्पत्ति पर केंद्रीकृत किया गया है। इन कार्यकलापों में उत्तराखंड के विभिन्न ज़िलों में विज्ञान अधिक्रमिक कार्यक्रमों के आयोजन के नवीन प्रारंभ भी सम्मिलित हैं। हमने दक्षिण अंदमान के गहरे कोरक ज्वार-भाटे के अंतर्गमों तथा आर्द्रभूमि से भारतीय सागरीय सुनामी इतिहास पर एक समर्थ कालक्रमिक डाटाबेस को विकसित करने के कार्य को जारी रखा है। लगभग 10 मी. लंबे कोरों का संग्रहण पोर्ट-ब्लेयर के निकटस्थ अनेक स्थलों से किया गया है, जो ज्वार-भाटीय अवसाद के नियमित चक्रों के साथ वैकल्पित सुनामी निक्षेपों की पट्टिकाओं को संरक्षित करते हैं। अंदमान-क्षेत्र में भू-पर्पटीय विरूपण के अनुसंधानात्मक कार्य में सम्मिलित है-अंदमान में स्थापित स्थाई स्थलों से GPS डाटा का संग्रहण करना - जो एक सहयोगात्मक परियोजना है जो भूकंप अनुसंधान एवं सूचना केंद्र, मेंफिस विश्वविद्यालय, यू.एस के साथ रही है। पोर्टब्लेयर पर अधिग्रहण ने भूकंप-पूर्व अभियान पद्धति(2004 महा भूकंप के पहले) ने यह दर्शाया है कि यह स्थल(साइट) 2003 तथा 2004 के बीच में धंसने लगा(अवतलन होने लगा)। इसके अतिरिक्त इस अवधि के दौरान भारत के संदर्भ में पोर्ट ब्लेयर का समानांतर विस्थापन 1996-2000 GPS डाटा से निगमन होने लगा, 26 दिसंबर 2004 के सह भूकंप के दौरान प्राप्त अभिमुखीकरण से परिवर्तित होने लगा। हिमालय के आरपार भूकंप के पुनरार्वन के अध्ययनों के अंश के रूप में, विभिन्न प्रकार की तकनीकों का अन्वयन किया गया है। भूकंप प्रभावित क्षतियों के गुणधर्मवर्णन के प्रतिनिधित्व के रूप में केंद्रीय हिमालय की गुफाओं के भीतर निलंबी निक्षेपों का उपयोग किया गया है तथा उनसे पहचानित विरूपणों के कालक्रमिका को विकसित कर लिया गया है। बिहार तथा पूर्वी उत्तर-प्रदेश के भूकंपी मैदानों के भीतर भूकंप-प्रभावी द्रवीकरण लक्षणों का भी उपयोग किया गया है तथा उन प्रमुख भूकंपों के समय-सारणियों को तैयार कर लिया गया है जिन्होंने बिहार-क्षेत्र को प्रभावित किया था। पृथ्वी के प्रमुख जलवायु प्रणाली के एक अत्यधिक अर्थपूर्ण तथा प्रचलित प्रणाली रही है। हिमालय जटिल जलवायु परिवर्तनशीलता को प्रदर्शित करता हैं क्योंकि यह पर्वत ग्रीषकालीन मानसून तथा शीतकालीन पश्चिमाभिमुखी पवन दोनों के प्रति वातावरणीय परिचालन के लिये सीमा रोधक के रूप में कार्य करता है। जलवायु परिवर्तनों को जारी रखते हुए यह पूर्वानुमान किया गया है कि वह एशियाई मानसून तथा आंतरिक उच्चदाब प्रणालियों की शक्ति तथा समयन में प्रमुख परिवर्तन को अग्रसर करेगा तथा पश्चिमाभिमुखी पवन-हिमालय क्षेत्र की जलवायु को प्रभावित करनेवाली प्रमुख प्रणालियाँ रही हैं।

आण्विक जैविकी तथा आनुवंशिकी एकक (MBGU-आजैआए)

स्वास्थ्य एवं रोग में स्वभक्षी तथा स्वभक्षी संबंधी पथों के अध्ययनों में प्रयोगालय ने ऐसे अल्प अणुओं की पहचान कर ली है जो खमीर तथा स्तनपायी प्रणालियों में स्वभक्षिता को नियंत्रित करते हैं। इन अल्प अणुओं की पहचान के लिये आंतरिक रूप से विकसित वास्तविक समय स्वभक्षी-जाँच का उपयोग करके कैलिफ़ोर्निया, लॉस एंजलिस (UCLA) विश्वविद्यालय में 200,000 यौगिकों के संवीक्षणों से युक्त अनेक ग्रंथालयों में उच्च संवेह संवीक्षण किया गया है। MML से द्वारा किये गये अनुसंधान ने संबंधित कैंडिडा तथा क्राइप्टोकोकस प्रजाती समुच्चय में केंद्रतयियों की पहचान प्राप्त की है तथा केंद्रतयी अनुक्रम के त्वरित विकास तथा निकटता से संबद्ध प्रजातियों में केंद्रतयी DNA तत्वों के संगठन की स्थापना की है। इस समूह ने यह भी दर्शाया है कि DNA अनुक्रम स्वभावतः के बदले में भौतिकी गुणसूत्रीय स्थान-कैंडिडा में केंद्रतयी पहचान में महत्वपूर्ण पात्र लेता है। निकटस्थ DNA प्रतिकृति मूल स्रोत तथा DNA पुनरसंयोजन प्रतिपूर्ति(मरम्मती) प्रोटीनों के बीच आरपार की चर्चा से कोशिका-विभाजन के दौरान केंद्रतयीय वर्णक(रंजक) के अनुरक्षण में सहायता प्राप्त होती है। अत्यंत बहुल्यता, बहु प्रकार्यात्मक नाभिक प्रोटीन; PC4-वर्णक सुसंहतता में सम्मिलित वास्तविक वर्णक घटक होता है तथा उसके द्वारा न्यूनतमसूत्री संगठन तथा अनुलेखन विनियमन होता है। PC4(अभिभूत) प्रहारात्मक स्थिर कोशिका-पंक्ति उत्पन्न कर ली गई तथा यह पाया गया है कि यह PC4 अवश्य ही न्यूनतम सूत्री-स्थिरता में सम्मिलित होता है। रोचकविषय यह रहा है कि भारी संख्या के स्तन-अर्बुद प्रतिदर्शों में PC4 के प्रकटन(निहितता) को अधोनियंत्रत करते हुए पाया गया है। PC4 की कुल प्रहारात्मकता भ्रूणीय-घातक होता है। नलिका कोशिका अनुचालन के लिये एक अ-आनुवंशिकीय अभिगम में अनुसंधान समूह ने मध्योतक नलिका-कोशिका(MSC) स्राव के नियंत्रण के प्रति अल्प अणु मध्यस्थित तथा सूक्ष्म कण अभियांत्रिकी(विन्यास) अभिगम का समेकन किया है। इसके द्वारा प्र-प्रज्वलनात्मक घटकों की निरुद्ध किया गया फ़िर भी सामान्यतः लाभकारी-प्रज्वल-विरोधी तथा प्र-प्रववाहक जननीय(प्रो-अंजियोजनिक) घटकों को बनाया रखा गया है। ह्रत्-तंतुशोध की निरोधक प्रमुख प्रक्रियाओं द्वारा प्रयोगालयी प्रकार्यात्मक संगतता को प्रदर्शित किया गया। विगत कुछ वर्षों से अनुसंधान समूह HIV-1 किस प्रकार से विषाणु-अव्यक्तता को स्थापित करता है तथा उसे बनाये रखता है - इसको समझ लेने के कार्य में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहा है। यह ऐसा लगता है कि वही विषाणु प्रोटीन टैट(ट्याट-Tat) विषाणु उन्नायकों से अनुलेखन को सक्रिय कर सकता है तथा दबा देता है यद्यपि यह ज्ञात नहीं कि यह युक्ति(तंत्र) किस प्रकार आण्विक स्तर पर संपन्न किया जाता है। इस दिशा में कुछ महत्वपूर्ण अग्रगामीतत्व होते हैं। इस अनुसंधान समूह ने यह पाया है कि वह विषाणु उन्नायक जितना बलवान होता है उतना ही वह अव्यक्तता को संपन्न करने की दर(गति) तेज शीघ्रतावाला होता है जो विरोधाभासीवाला लगता है। परंतु अव्यक्तता की प्रक्रिया का नियंत्रण Tat द्वारा किया जाता है। विषाणु अव्यक्तता की प्रक्रिया HIV-1 के C-उपरूप के संदर्भ में, अधिक उाड्यंत्रकारी होती है क्यों कि ये विषाणु तनावः विषाणु उन्नायकों में परिवर्तन के अधिक मात्रा (स्तर) प्राप्त कर रहे हैं। 500 से भी अधिक ऐसे परिवारों के अध्ययन किये गये है जिन परिवार के कम से कम दो सदस्य-जन्मजात, देहानुसूत्रीय-अप्रभावी, पूर्व-जिह्वी(जीभी), अ-संलक्षणी (नॉन-सिंड्रोमिक) तीव्र से गंभीर बधिरता(बहरापन) से(युक्त)ग्रस्त होते थे जिनमें निम्न सात बधिरता-कारक जीनों की विस्तृत जाँच की गई हैः- Cx26(कनेक्सिन 26) Cx30(कनेक्सिन 30); TMPRSS3(ट्रॉन्समेम्ब्रेन सिरिन प्रोटीस 3), TMC1 (ट्रॉन्समेम्ब्रेन कोहेलर-इक्सप्रेस्सड जीन 1), HAR(हार्मोनिन), CDH23(केढेरिन 23) एंड TMIE(ट्रॉन्समेम्ब्रेन इक्सप्रेस्सड इन्नर इयर जीन)। इस अध्ययन-कार्य से यह प्रकट हुआ है कि निम्न जीनों में रोग-जनक उत्परिवर्तन कीं व्यापक(वर्णक्रम) श्रेणी होती है- Cx26 में 18 उत्परिवर्तन, Cx30 में 1 उत्परिवर्तन, TMC1 में 8 उत्परिवर्तन, TMPRSS3 में 4 उत्परिवर्तन, HAR में 6 उत्परिवर्तन, CDH23 में 4 उत्परिवर्तन तथा TMIE में 4। आण्विक परजीवी प्रयोगालय ने पिछले वर्ष के दौरान अपना अनुसंधानात्मक कार्यकलापों का ध्यान सापेक्ष रूप से एक अज्ञात-क्षेत्र प्लास्मोडियम फल्सिपरम, में स्वभक्षी प्रोटीनों के प्रकार्यात्मक गुणधर्मवर्णन पर केंद्रीकृत किया है। प्रो एम आर एस राव के प्रयोगालय ने आविष्कृत Mrhl दीर्घ अकूटित RNA को अर्धसूत्रीय पुनसंयोजन तप्तस्थान प्रदेश के भीतर कूटित किया गया है। यह मूषिका के गुणसूत्र-8 में निहित PHKB जीन के 15 वें इनट्रॉन से 2.4 kb अनस्प्लाइस्ड्(असंयोजित) पॉलि अडेनाइलेटेड, अनुलेखित प्रतिलिपित वाला होता है। IncRNA के प्रकटन का परिवर्तन महत्वपूर्ण रूप से हार्मोन प्रतिक्रियात्मक अर्बुद ऊतकों में किया जाता है।

इस RNA का अवनियंत्रण स्तन-अर्बुद ऊतक में तथा कोशिका पंक्तियों में होता है तथा स्तन-अर्बुद कोशिकाओं में घटित कोशिका प्रचुरण तथा आप्रवास में RNA का स्थानच्युत प्रकटन होता है जो स्तन-अर्बुद रोग जैविकी में LOC284454 RNA के संभाव्य पात्र को सुझाता है।

तंत्रिका विज्ञान एकक(NSU):

अपस्मार की व्याख्या-सापेक्षिकता से सामान्य मस्तिष्क अव्यवस्था(विकार) के रूप में आवर्ती तथा अप्रचोदित आक्रमण के रूप में की जाती है। यह आनुवंशिक सामान्यीकृत अपस्मार(GGE-आसाअ) सभी अपस्मारों के 50% का होता है तथा पर्याप्त मात्रा में यह उनकी नैदानिकी के प्रति जटिल आनुवंशिक आधारवाला होता है। इस प्रयोगालय में इससे पूर्व के कार्यों में यह पहचान कर ली गई है कि CASR सामन्यीकृत अपस्मार के रोगियों में स्थित होते हैं। प्रो अनुरंजन आनंद के समूह द्वारा पहचाने गये छह उत्परिवर्तन दुर्लभ होते हैं तथा मिसेन्स(अवसंवेद) अत्यंत संरक्षित CASR अवशेषों को अंतरित करते हुए परिवर्तित कर देता हैः p.Glu354Ala, p.Asp433His, p.Ser580Asn, p.lle686Val, p.Arg898Gln एवं p.Ala988Val. एक कार्यात्मक विश्लेषण किया गया जिसमें निहित हैं- (i) MAPK(कोशिका-विभाजन-सक्रियन प्रोटीन क्षोभक रस (ii) इनोसिटाल मोनोफॉस्फेट(IP1) संचयन की जाँच, संवर्धित स्तनधारी कोशिकाओं में पहचानित छह CASR उत्परिवर्तनों के लिये हैं। IISER मोहाली के सहयोगियों के सहयोग में डॉ शीबा वासु के अनुसंधान-समूह ने दैनंदिन क्रिया के समयावर्तनों तथा चयापचयी प्रक्रियाओं के बीच की अंतर्क्रियाओं पर भविष्यत् के अध्ययनों के लिये उपयुक्त पद्धति के रूप में बहुचर सांख्यिकीय विश्लेषण के साथ संबद्ध NMR आधारित चयापचयिता(मेटाबोलोमिक्स) सिद्ध कर दी है। उनके अध्ययनों ने यह प्रकट किया है कि विशिष्ट दैनंदिन कार्य की तंत्रिकाओं के अक्षकीय वृक्ष-विन्यास में तंत्रिकापाचकीय स्तरों में स्पंदन, जैसे पहले विश्वास किया गया था, उसके भिन्न दैनंदिन कार्यकलाप/विश्राम-लयों के सामान्य एजेंटोंवाले नहीं होते। चेल्लय्या के प्रयोगालय में मस्तिष्क विकास में SYNGAP1 के निम्न प्रकार्यों को समझ लेने के प्रयास किये गये हैं। इस समूह ने उन प्रश्नों में से उस एक प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने का प्रयत्न किया है कि Syngap1 विषमोत्पत्ति उत्परिवर्तन किस प्रकार विकास के दौरान Cl^- परिवाहक के स्विच्चों के नियंत्रण द्वारा GABA(गाबा) के प्रकार्य पर प्रभाव डालता है। उनको आरंभिक परिणामों ने यह दर्शाया है कि यह उत्परिवर्तन विकास के दौरान Cl^- परिवाहकों के स्विच्चों को आगे बढया देता है(वर्धित कर देता है), उसके द्वारा विकास के दौरान, GABA के प्रकार्य की नियंत्रित कर देता है। जैविक बहुलक अपने प्रकाश-विद्युन्मानीय गुणधर्मों तथा प्राकृतिक प्रकाश प्रणालियों के अनुकरण के आधार पर तंत्रिका-कृत्रिम अंग के क्षेत्र में जैव-विद्युन्मानीय अंतरापृष्ठ के लिये सक्रिय जैवपदार्थों के रूप में कार्य करते हैं। इस अध्ययन में विभिन्न अधस्तरों के प्रति कोशिकाओं के प्रचुरोद्भवन तथा जीवनक्षमता के अभिगमन प्राप्त करने हेतु तथा विभेदन प्रक्रिया द्वारा (प्रौढ) पक्व मानव तंत्रिकाओं में परिवर्तित करने हेतु हमने प्रयोगालयी नमूने(प्रतिमान) SH-SY5Y तथा शारीरिय नमूने(प्रतिमान) BALB/c में मानव तंत्रिकाओं का उपयोग किया है।

नव रासायनिकी एकक (NCU - नराए)

प्रो सी एन आर राव द्वारा पदार्थ रासायनिकी के अनेकों पहलुओं का अनुसरण किया जा रहा है। पाँच दशकों से भी अधिक अवधि तक प्रो सी एन आर राव ने पारगमन धातु-ऑक्साइडों के हाल ही के कुछ पहलुओं पर कार्य जारी रखा है। विशेषकर उनके समूह ने ऊर्जा अनुसंधान दो प्रमुख कार्यक्रमों पर कार्य प्रारंभ किया हैः एक Mn तथा Co ऑक्सॉइडों के नानो-कणों द्वारा जल के प्रकाश उत्प्रेरक ऑक्सिकरण से युक्त कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण से संबंधित है तथा दूसरा Z-योजना के उपयोग द्वारा संकर नानो-संरचनाओं के प्रकाश उत्प्रेरक H_2 के उत्पादन से संबंधित है। वे अपने कार्य को ग्राफेन तथा ग्राफेन अनुकरणों पर अनुसंधान को जारी रख रहे हैं। इन ग्राफेन अनुकरणों में सम्मिलित होते हैं, कुछ परतीय या एकल परतीय पदार्थ जो MoS_2 तथा TaS_2 जैसे परतीय आजैविक यौगिक से रूपित होते हैं। डॉ टी गोविंदराजु के अनुसंधान की प्रमुख अनुसंधानात्मक प्रयत्न ये रहे हैं - अल्जेमर(एडी) तथा पार्किन्सन रोग(पीडी) जैसे सद्यतः अचिक्सिकीय तंत्रिका ह्रासी रोगों के लिये निदानात्मक तथा चिकित्सात्मक प्रयत्नों के विकास के प्रति रहे हैं। इन रोगों से संबद्ध समस्याओं के समाधान के लिये

बहु वैज्ञानिक अंतर्शाखा रासायनिकी अभिगमों के सुचारू रूप से संयोजन द्वारा इन मार्गों का शोध कर रहे हैं। वे विशिष्टता से पेप्टाइडों(पाचकों) तथा अल्प अणु आधारित चिकित्सात्मक अभिरोगजनक संदूषणों के उपचार तथा(रोकथाम) निवारण हेतु विशेषकर उन रोगजनकों के प्रति जिन्होंने इससे पहले मार्केटित औषधियों के प्रति निरोधक शक्ति विकसित कर ली है, उनके प्रति विभिन्न कौशलों के अभिकल्प(विन्यास) के लिये इस अनुसंधान समूह द्वारा प्रयत्न किये गये हैं। डॉ जयंत हल्दर के अनुसंधान समूह द्वारा ये प्रयत्न किये गये हैं कि वसायुक्त वैंकोमाइसिन तथा उनके शर्करा संयुज्यों का उपयोग करता है जो वैंकोमाइसिन निरोधक एंटरोबैक्टर sp. के विरुद्ध अबतक रिपोर्टित एक अत्यंत सक्रिय औषधि रही है कर्मकों(एजेंटो) के विकास के लिये, इन रोगों के रोग जननीयता में संलग्न बहु पथों को लक्ष्य करके कार्य कर रहे हैं। इस समूह द्वारा विकसित अंग-विलयनशील प्रति सूक्ष्म जीवाणुवीय बहुलकों से विलेपित नाल-शलाकाओं को मूषिकाओं में संदूषण के उप-त्वचीय नमूनों में जैव-फ़िल्मों के विन्यास(रूपण) को रोकते हुए पाया गया है (GYTI-BIRAC-पुरस्कार 2016)। उत्तमतर प्रति सूक्ष्माणुवीय गुणधर्मों से युक्त अंतक्षेपणीय (इंजेक्टीय)जलोजेल का अभिकल्प कर लिया गया है जो आसंजक या मोहरबंद के समान कार्य करता है। डॉ कनिष्क बिस्वास के अनुसंधान-समूह ने ऐसे अजैविक धातु चाल्कोजेनाइडों की अनेक नवीन श्रेणियों का आविष्कार किया है, जो अतिनिम्न ऊष्मीय चालकता के कारण उच्च ऊष्मा-विद्युतीय निष्पादन प्रदर्शित करता है। इस अनुसंधान समूह ने ऐसी अंतर्वृद्धि परतीय संरचनाओं का अन्वेषण किया है जो प्राकृतिक विषम संरचनावाली होती है तथा जो van der waals विषमसंचनाओं की समानता करती हैं। विलयन प्रावस्था संश्लेषण द्वारा दो आयामीय कुछ परतीय नानोशीट अंतर्वृद्धि $Pb_mBi_{2n}Te_{3n+m,}$ का संश्लेषण किया है। कुछ परतीय पदार्थ, अपने आकर्षक (अन्य स्थानिक) विद्युन्मानीय परिवहन गुणधर्मों के साथ अर्ध-चालक बैंड गैप(पट्टित अंतराल) प्रदर्शित करते हैं। डॉ रंजनी विश्वनाथ प्रमात्रा बिंदुओं में पारगमन धातुओं के मादन(डोपिंग) पर विस्तृत रूप से कार्य करती रही हैं तथा उनका उपयोग प्रमात्रा बिंदुओं की विद्युन्मानीय संरचना को अन्वेषण के लिये नानो-संवेदकों के रूप में किया जा रहा है। इस अनुसंधान समूह ने Mn, Fe, Co तथा Ni जैसे मादकों की व्यापक श्रेणी के साथ नानो स्फटिकों में से मादकों के विसरण के (निर्णात्मक) रचनात्मक उपयोग के साथ एकरूपता से मादित अर्ध-चालक नानो-स्फटिकों के संश्लेषण का कार्य किया है। परिणामस्वरूप, इससे पूर्व के पदार्थों की तुलना में अत्यंत महत्वपूर्ण तथा आश्वासनोत्मक चुंबकीय, प्रकाशीय तथा चुंबक-प्रकाशीय प्रतिक्रियाओं का अध्ययन किया गया है। डॉ सेबास्टियन सी पीटर के प्रयोगालय में मिश्रधातुओं(मिश्रातुओं), अंतर धात्विकी, द्वि धात्विकी, क्रोड-कवच आदि के रूप में निम्नलागतवाले नानो-पदार्थों का विकास किया गया है, ताकि ईंधन कोशिका में हरित ऊर्जा के उत्पादन तथा CO2 की घटौती के लिये pt तथा अन्य उच्च व्ययवाले वर्तमान सन्नद्ध(नवोन्नत) पदार्थों का प्रतिस्थापन किया जा सके। इस समूह ने इन पदार्थों के अन्वयन को उच्च संधारित्रों सांस्थितिकीय विसंवाहकों, विभिन्न महत्वपूर्ण औद्योगिक रासायनिक अभिक्रियाओं(प्रतिक्रियाओं) के उत्प्रेरकों, बैटरियों, ऊष्माविद्युत तथा अन्य आदि में करने पर अपना ध्यान केंद्रीकृत किया है। विगत वर्ष के दौरान डॉ सुबी जेकब जॉर्ज के अनुसंधान दल ने, अधि-आण्विक प्रकाश विद्युन्मानिकी के क्षेत्र में तथा अधि-आण्विक बहुलकीकरण के मूलभूत ज्ञान (समझ) के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस समूह ने दात्री तथा ग्राहित्र अणुओं के संगठन्न के नियंत्रण के लिये(अप्रतिबिंब) चिरालिटी चालित स्व-छँटाई की नवल-संकल्पना का परिचय दिया है। साथ ही, इस समूह ने द्विध्रुव-संवेग अधि-आण्विक बहुलकीकरण का प्रस्ताव दिया है जो बहु-खंड तथा एकल(बिखराव) विसरण अधि-आण्विक प्रणालियों के साकारीकरण की ओर एकमहत्वपूर्ण कदम रहा है। विगत एक वर्ष में डॉ सरित अगस्ती के अनुसंधान समूह ने अनुकूलकारी आण्विक संपरीक्षणों को तैयार कर लेने के साथ नवीन प्रविधिओं के विकास के संबंध में कार्य किया है ताकि वह समूह प्रकाश दूरदर्शी की (200-300 nm) विवर्तन-सीमा से पार हो सके तथा नानो मीटर निखरता से कोशिकाओं के भीतर अणुओं को स्थानीकृत किया जा सके। इसके अतिरिक्त इस प्रतिबिंबन प्रविधि के साथ एक महत्वपूर्ण लक्षण तथा एक साथ प्रतिबिंबित कर लेने की क्षमता तथा एकल कोशिका से अणुओं को सैंकडों की मात्रा में प्राप्त करने की क्षमता को समेकित किया गया है। प्रो एच ईला के अनुसंधान-समूह के अनुसंधान-कार्यकलाप मुख्यतः सक्रिय मिथाइलिन यौगिकों की विशाल श्रेणी से व्युत्पन्न (निकाल गये)नवल जैव गंधक निर्माण-खंडो/सिंथॉनों के उपयोग द्वारा जैविकता से महत्वपूर्ण पाँच/छह सदस्यीय (अंगीय) विषम चक्रिय यौगिकों के लिये नवल सामान्य, अत्यंत सक्षम संश्लेषक पद्धतियों के अभिकल्प तथा विकास के चारों ओर घूमते रहते हैं। विभिन्न वर्गीकरणों(प्रणालियों) में सम्मिलित हैं -नवीन प्राधान्य (डोमिनो) का अभिकल्प तथा विकास तथा बहुघटक प्रतिक्रियाएँ, पारगमन धातु(विशेषकर पेल्लोडियम और

कॉपर) उत्प्रेरित C-C तथा C-N बंध रूपण प्रतिक्रियाएँ इन सिंथॉनों पर विभिन्न कार्बन तथा(विषम नाभिकरागी) हिटरो न्यूक्लियोफिल के साथ क्षेत्र तथा रासायनिक चयनित C-C तथा C-विषम परमाणु बंधक संरूपण(रचना), इन उपस्तरों पर सक्रियत सम नीलरंज्य मिथाइलिन यौगिकों के साथ चक्रिय संयोजन तथा द्वि-प्रकार्यात्मक विषम नाभिक रागियों के साथ विषम सुगंधित वलीयकरण। प्रो श्रीधर राजाराम ने मरोड़ी पेरिलिन सौर कोशिकाओं में आवेश, स्थानांतरण गतिकी के स्पष्ट ज्ञान को विकसित कर लिया है। बहुलकों के मिश्रण में तथा मरोड़ी पेरिलिन में प्रावस्था पृथक्करण की प्रकृति का अध्ययन लौह-विद्युत साँचे के उपयोग द्वारा किया है। इन उत्पादों का उपयोग करके इस अनुसंधान समूह ने पेरिलिन युक्त कोशिकाओं की क्षमताओं को आगे बढ़ाया है। उत्प्रेरणा के क्षेत्र में डॉ राजाराम के समूह ने यह दर्शाया है कि सोडियम धनायनों के उपयोग अंग-उत्प्रेरणाओं के संरूपण के -नियंत्रण के लिये किया जा सकता है।

सैद्धांतिक विज्ञान एकक (TSU सैविए)

प्रो उमेश वी वाघमारे के पदार्थ सिद्धांत समूह के सदस्यों ने प्रदर्शित किया है कि (ए) 2-D में ऑक्सॉइड आधारित ध्रुव उच्चजालकों के प्रति विद्युदणु के नियंत्रित परिरोध; (बी) विद्युन्मानीय सांस्थितिकी किस प्रकार ऊष्मविद्युतिकी के ऊष्माशक्ति पर प्रभाव डालती है; (सी) बैटरी के चार्जिंग व डिस चार्जिंग(आवेशन तथा अनावेशन) के दौरान विद्युदग्रों के अंदर परमाणुवीय प्रक्रियाएँ। उन्होंने अंतरापृष्ठ के पर्यंत(आरपार) ऊष्मा परिवहन के लिये परमाणुवीय हरित कार्य पद्धति के रूपण पर आधारित ध्वनिमात्रिक उचित वर्णक्रम को विकसित कर लिया है तथा उन्होंने बहुलौहिक $YMnO_3$ में (नील) पारगमन तथा संबद्ध चुंबकीय श्यानता प्रभाव के लिये नमूना हैमल्टोनियन के व्युत्पन्नों को विकसित कर लिया है।

डॉ एन.एस. विद्याधिराज के अनुसंधान समूह ने अपना ध्यान तीन प्रश्नों पर केंद्रीकृत किया है अर्थात् प्रमात्राविशिष्टता, (विकार) अव्यवस्था तथा अंतर्क्रियाओं के संयुक्त प्रभाव एवं अव्यवस्था के कारण ध्वनिमात्रिक स्थानीकरण। प्रतिमान हैमल्टोनियन के विविध रूप जैसे अंडरसन-हब्बर्ड प्रतिमान कोंडो-विसंवाहक-धातु द्विपरत प्रतिमान तथा अंतरालीय अंडरसन अशुद्धता प्रतिमान का अन्वेषण कर लिया गया है। डॉ कविता जैन के अनुसंधान समूह ने अ-संतुलन प्रक्रियाओं की एक श्रेणी में स्व-संबद्धन प्रकार्य का अध्ययन किया है। यादृच्छिक साँचों की एक श्रेणी में उचित मूल्यों के गुणधर्मों को समझ लेने हेतु अनुसंधान-कार्य प्रारंभ कर लिया गया है। समूह ने लाभकारी उत्परिवर्तन के साथ जनसंख्या आनुवंशिकी का एक निखर समाधान प्राप्त कर लिया है।

प्रो शोभना नरसिंहन के अनुसंधान समूह ने संगणकीयता से नानो-प्रणालियों के अध्ययन के लिये प्रारंभिक सांद्रता प्रकार्यात्मक सिद्धांत के उपयोग को जारी रखा है। विगत वर्षों में प्राप्त अनेक नवीन परिणामों में से उन्होंने यह दर्शाया है कि बोरोन नाइट्राइड के साथ ग्राफेन का स्नेहलन(मादन) सार्थक रूप से मेथनॉल के बंधक को वर्धित करता है, उन्होंने सांस्थितिकीय विसंवाहक के निर्माण का नया मार्ग(उपाय) प्राप्त कर लिया है, उन्होंने यह दर्शाया है कि lr अधस्तरों पर Fe फ़िल्मों को उपजने(बढ़ाने से) से वह चुंबकीय तथा संरचनात्मक पारगमन से परिणत होता है क्योंकि फ़िल्म के मोटापे में वर्धन होता है, उन्होंने तब निसाद के लिये विभिन्न नानो कणों की प्रवृत्ति की तुलना की है जब ऑक्सॉइड अधस्तरों पर निक्षेपित किया जाता है।

प्रो स्वपन पति का अनुसंधान समूहः त्रि-परतीय फॉस्फोरिन के लिये प्रयोगात्मकता से प्राप्त विद्युदणु छेद-गतिशीलता की अन्यदैशिक प्रकृति का विश्लेषण किया गया है तथा बोल्ट्ज़मैन परिवहन समीकरण का उपयोग करके सूक्ष्मदर्शी कारणों का पता लगाया गया है। यह प्रदर्शित किया गया है कि सोडियम-आयॉन पुनरआवेशिय बैटरी तथा संधारित्र में उत्तमतर निष्पादन के लिये ऋणायन के रूप में बोरोकार्बोनाइट्राइड कार्य कर सकता है।

डॉ सुबीर दास तथा उनके अनुसंधान समूह ने संतुलन एवं असंतुलन सांख्यिकीय यांत्रिकी से संबंधित समस्याओं पर कार्य किया है। इस विशाल क्षेत्र में उन्होंने निम्न अध्यायों पर कार्य किया है (1) पारस्परिक विसरणशीलता, अपरूपण श्यानता तथा स्थूल-श्यानता जैसे परिवहन गुणधर्मों में विशिष्ट विलक्षणताओं के मात्रात्मक बनाने की आण्विक गतिकी पद्धतियों का

अन्वयन; (2) वियोजित आकारिकी के साथ द्रव प्रावस्था पृथक्करणों में जल-गतिकी तांत्रिकता। मोंटे कार्लो अवरूपणों तथा निश्चित-आकार मापन विश्लेषण द्वारा घन युग्म मिश्रणों में प्रावस्था पृथक्करण के दौरान द्वि-समय क्रमानुगत(व्यवस्थित) प्राचल ससंबद्ध प्राकार्य के स्वभाव(व्यवहार) का अध्ययन किया गया है।

डॉ मेहर प्रकाश का अनुसंधान समूह, रसायनविदों, जैव-रसायनविदों तथा जैवविदों के साथ सहयोग में विज्ञान की अंतर्शाखाओं में अनुसंधान कार्य में सम्मिलित रहा है। इनमें से कुछ अनुसंधानात्मक कार्यकलापों का लक्ष्य प्रोटीनों के कार्य तथा गतिकी, औषधों के तार्किक अभिकल्प विशेष रूप से जीवाणुवीय झुल्लियों को अवरुद्ध करनेवाले-के संबंध में रहे है।

डॉ श्रीकांत शास्त्री के अनुसंधान समूह ने मंदश्लथन के प्रति संगत दैर्घ्य-मानों पर, काच-रूपकों में संरचना तथा उत्क्रममापी के बीच में संबंध, ऊष्मगतिकी तथा बलगतिकी सुकुमारताओं का विश्लेषण तथा (मॉडेल) प्रतिमान काच-रूपकों में स्टोक्स-आइन्स्टन संबंध, दोलक विरूपण के प्रति काचों में स्मरण के प्रतिमान, सुघट्यता के प्रति अभिगम तथा अनाकारीय घनों में उत्पन्न, अपरूपन भिंचन विश्लेषण आदि पर अनुसंधान किया है।

अंतर्राष्ट्रीय पदार्थ विज्ञान केंद्र (ICMS अंपविकें)

प्रो सी एन आर राव के दल ने प्रमुख कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं - एक का संबंध - Mn तथा Co ऑक्साइडों को नानो कणों द्वारा जल के प्रकाश उत्प्रेरक ऑक्सिकरण से युक्त कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण से है तथा दूसरे का संबंध - Z योजना के उपयोग द्वारा नानो संरचनाओं द्वारा प्रकाश उत्प्रेरक H2 की उत्पादन से है। ऋणायनों से प्रतिस्थानित धातु - ऑक्साइडों के संश्लेषण, संलक्षण तथा गुणधर्म वर्णन का अन्वेषण किया गया है जहाँ पर(सारजनक) नाइट्रोजन तथा फ्लोराइन द्वारा ऑक्सिजन(आम्लजनक) प्रतिस्थानित किया जाता है।

प्रो एस एम शिवप्रसाद ने गैलियम तथा इंडियम नाइट्राइड नानो-संरचनाओं की वृद्धि पर किये गये रोचक वीक्षणों के कार्य को आगे बढ़ाना जारी रखा है। अनुसंधान निष्कर्षों ने गैलियम नानो भित्ति जालकार्य में रूपण तथा बंध रूपण की तांत्रिकता को दर्शाया है।

डॉ श्रीधर राजाराम के अनुसंधान दल ने मरोडे पेरिलिन सौर-कोशिकाओं में आवेश स्थानांतरण गतिकी का स्पष्ट ज्ञान विकसित कर लिया है। बहुलकों के मिश्रणों तथा मरोडे पेरिलिन में प्रावस्था पृथक्करण की प्रकृति का अध्ययन लौह-विद्युतीय साँचे का उपयोग करके किया गया है।

डॉ रंजनी विश्वनाथ ने CdS नानो स्फटिकों में चुंबकीय ऑयानों के मादन पर कार्य किया है। डॉ विश्वनाथ द्वारा लिया गया अनुसंधान का नवीन उभरता क्षेत्र है स्पिन्ट्रॉनिक्स(चक्रनिकी) है जिसके विविध अन्वयन हैं। इन अन्वयनों के लिये अत्यंत अधिमान्य सामग्रियाँ हैं - अल्पमात्रा के चुंबकीय मादक के साथ अर्ध चालक तथा वे तनुकृत चुंबकीय अर्ध-चालक के रूप में पहचाने जाते हैं। परंतु ये सामग्रियाँ भारी(व्यवस्था) पद्धति में भी संश्लेषण हेतु अत्यंत अ-नगण्य होती हैं।

डॉ राजेश गणपति के मृदु पदार्थ समूह ने अपना ध्यान काच पारगमन परिघटना के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रीकृत किया है। ऐसे ही एक कार्य में जो फिज़. रेव. लिट. में प्रकाशित हुआ है उसमें यह रिपोर्टित है कि कलीलिय काचों में स्टोक्स-आइन्स्टन संबंधक विभंग सहकारिता से पुनव्यवस्थित क्षेत्रों के आकार के परिवर्तन के साथ संपातित होता है।

शैक्षिक कार्यकलाप:

वर्ष 2015-16 के अगस्त प्रवेशों के दौरान, विभिन्न उपाधि-कार्यक्रमों के अधीन 63 छात्रों ने तथा वर्ष 2015-16 के जनवरी प्रवेशों के दौरान 08 छात्रों ने प्रवेश लिया है। इस वर्ष विभिन्न शैक्षिक उपाधि कार्यक्रमों के अधीन तिरपन(53) छात्रों ने अपनी उपाधियाँ प्राप्त कर ली हैं जिनमें सम्मिलित हैं-29 Ph.D. तथा 3 M.S. (अभि.) उपाधियाँ। M.S. समेकित Ph.D. के अधीन प्रदत्त कुल 17 उपाधियों में 8 जैविकीय विज्ञान में, 5 रासायनिक विज्ञान में तथा 4 पदार्थ विज्ञान में रही हैं। इसके

अतिरिक्त 1 छात्र को स्नातकोत्तर विज्ञान शिक्षा डिप्लोमा(PGDSE) तथा साथ ही 3 छात्रों को स्नातकोत्तर पदार्थ विज्ञान डिप्लोमा(PGDMS) प्रदान किये गये हैं।

अधिसदस्यता एवं विस्तरण कार्यक्रम:

JNCASR के 2015-16 के आगंतुक अधिसदस्यता कार्यक्रम के लिये देशभर के अनुसंधान संस्थानों के तेरह विज्ञानियों का चयन किया गया था। उनका आतिव्य CPMU, EOBU, MBGU, NCU, NSU तथा TSU के संकायों द्वारा किया गया। 69 छात्रों ने SRFP -2015 की छात्रवृत्ति प्राप्त की है तथा बेंगलूरु तथा देश के अन्यत्र स्थानों के अनुसंधान संस्थानों के भौतिकी, रासायनिकी, जैविकी या अभियांत्रिकी के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान प्रशिक्षण प्राप्त किया है। 13 छात्रों को वर्ष 2015 के लिये राजीव गाँधी अधिसदस्यता प्रदान की गई है। परियोजना अभिमुखी जैविकी शिक्षा (POBE) के अधीन प्राप्त 171 आवेदनों में से 10 छात्रों का चयन किया गया तथा परियोजना अभिमुखी रासायनिकी शिक्षा(POCE) के अधीन प्राप्त 263 आवेदनों में से 11 छात्रों का चयन किया गया है। POCE-2013-15 के नौ छात्रों ने अपना कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया है। वर्ष 2015-16 के लिये JNCASR-CICS अधिसदस्यता कार्यक्रम के अधीन नाइज़ीरिया, उज़बेकिस्थान, ईथियोपिया, श्री लंका, ज़ांबिया तथा कैमरून देशों के छह विज्ञानियों की चयनित-सूची बना ली गई है।

आरक्षण, राजभाषा, कैट के न्याय निर्णयों/आदेशों का कार्यान्वयन:

यह केंद्र समय-समय पर परिषद प्रबंध के आवश्यक मार्गदर्शनों के साथ भारत-सरका द्वारा जारी नियमों तथा आदेशों के अनुसार आरक्षण एवं राजभाषा की राष्ट्रीय नीति का अनुसरण करता है। वर्तमान वर्ष के दौरन CAT के सम्मुख केंद्र से संबद्ध कोई भी मामला(मुकदमा) नहीं रहा है।

***

कार्यकलाप चार्ट

जवाहरलाल नेहरु उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र



संगठन चार्ट

